प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 08.02.2025 समय : 01:00 पी.एम.

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय के 50वें स्थापना दिवस के अवसर पर आज मुख्य समारोह मनाया जा रहा है। केन्द्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव समारोह में शिरकत कर रहे है। इससे पहले श्री जाधव ने आयुर्वेद चिकित्सा के माध्यम से आमजन के स्वास्थ्य और शोध कार्यों के लिए लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। केन्द्रीय मंत्री आयुर्वेद चिकित्सा क्षेत्र में संस्थान के विभागों की ओर से किये गये नवाचार, शोध कार्यों और चिकित्सा सुविधाओं का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर अस्पताल परिसर में निशुल्क कैंसर जांच और जागरूकता शिविर भी लगाया गया है। गौरतलब है कि वर्ष 1976 में 7 फरवरी को जयपुर में इसकी स्थापना हुई थी। संस्थान में दूर दराज से लोग आयुर्वेद पद्धति से अपना ईलाज करवाने के लिए आते है। विश्वविद्यालय में फिलहाल विभिन्न देशों के छात्र आयुर्वेद का अध्ययन और शोध कर रहे है।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि बालिकाएं आगे बढती है तो देश का विकास होता है। राज्यपाल ने आज नागौर जिले के मूंडवा स्थित तेजास्थली महिला शिक्षण और शोध संस्थान के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने बालिकाओं से कौशल और बौद्धिक क्षमता बढाने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि केन्द्र सरकार लगातार कौशल विकास की दिशा में काम कर रही है। श्री बागडे ने शिक्षण संस्थान में नवनिर्मित हॉस्टल और ऑडिटोरियम का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम में उनके साथ केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी भी मौजूद रहे। राज्यपाल से आज जयपुर में 'भारत दर्शन यात्रा' पर आए विद्यार्थी दल ने मुलाकात की। यह दल 'जम्मू तवी से जयपुर' यात्रा पर आया हुआ है। इस दल में 20 लड़के और 15 लड़कियां शामिल है। दल ने राज्यपाल से भारत दर्शन यात्रा के अपने अनुभव साझा किए। राज्यपाल ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना के तहत इस तरह की यात्राओं को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने दल के विद्यार्थियों से राजस्थान की संस्कृति, वीरता और शौर्य की चर्चा की।

दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम में सभी 70 सीटों के रूझान मिल गए हैं। अब तक मिली जानकारी के अनुसार रूझानों में भारतीय जनता पार्टी को बहुमत मिलता नजर आ रहा है। पार्टी के उम्मीदवार 46 सीटों पर आगे हैं। आम आदमी पार्टी ने 24 सीटों पर बढ़त हासिल की है। प्रमुख उम्मीदवारों में नई दिल्ली सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भारतीय जनता पार्टी के प्रवेश साहिब सिंह, से एक हजार एक सौ 70 मतों से पीछे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' 23 फरवरी को होगा। आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम की ये 119वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता, अपने सुझाव 21 फरवरी तक टोल फ्री नम्बर **1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0** पर भेज सकते हैं। **1922** नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। इसके अलावा नरेंद्र मोदी एप और माई जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

प्रदेश में बीते 24 घंटों में अधिकांश स्थानों पर तापमान में मामुली बढातरी दर्ज की गई है। हालांकि अभी भी सुबह और शाम सर्दी का असर बना हुआ है। मौसम केन्द्र जयपुर से प्राप्त आंकडो के अनुसार 14 शहरों में रात का पारा 8 डिग्री सैल्सियस से नीचे दर्ज हुआ है। कल सबसे कम 3 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान फतेहपुर में रहा। करौली में 4 दशमलव 3, दौसा में 4 दशमलव 6, मांउटआबू में 5 दशमलव 2, चूरू में 5 दशमलव 6, सीकर में 6, धौलपुर में 6 दशमलव 6, भीलवाडा में 7 दशमलव 7 और जैसलमेर में 7 दशमलव 5 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया । राजधानी जयपुर में बीती रात का तापमान 10 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस रहा। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आगामी दिनों में न्यूनतम और अधिकतम तापतान में 2 से 3 डिग्री सैल्सियस की बढोतरी होने की संभावना है।

....